उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001

हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463

Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या– 3025/25 दिनांक 03.04.25

सेवा में,

प्रबन्धक / प्रधानाचार्य,
समस्त निजी क्षेत्र नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र,
उत्तर प्रदेश।

महोदय / महोदया,

कृपया इस कार्यालय के पत्र संख्या–2552 / 25 दिनांक 18.03.2025 एवं पत्र संख्या–2872 / 25 दिनांक 28.03.2025 का अवलोकन करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा आपको अवगत कराया गया था कि शैक्षणिक सत्र 2025–26 में जी0एन0एम0 डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की मेरिट के स्थान पर पारदर्शी प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा के माध्यम से कराया जायेगा।

उक्त के क्रम में आपको अवगत कराना है कि शासन के पत्र संख्या–I / 687165 / 2024 दिनांक 08.07.2024 के अनुक्रम में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में निजी कॉलेजों में जी0एन0एम0 डिप्लोमा पाठ्यक्रम की सीटों पर पारदर्शी प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ के द्वारा सम्पन्न करायी जा रही है। जिस हेतु विज्ञापन जारी किया जा चुका है (प्रति संलग्न)। जिसे उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी की वेबसाइट https:// upsmfac.org पर भी डाल दिया गया है।

अतः जी0एन0एम0 डिप्लोमा पाठ्यक्रम की सीटों पर पारदर्शी प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया का अपने स्तर से भी व्यापक प्रचार–प्रसार करने का कष्ट करें, जिससे अधिक से अधिक अभ्यर्थी प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सके।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।

अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी

विज्ञापन सं0- 02/प्रवेश-परीक्षा/ABVMU/2025 दिनांक-02.04.2025

अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश, **उ०प्र० स्टेट मेडिकल फैकल्टी** से सम्बद्ध समस्त निजी क्षेत्र के संस्थानों में **शैक्षणिक सत्र 2025-26 में GNM** पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु उ0प्र0 जीएनएम प्रवेश परीक्षा (यूपीजीईटी-2025) आयोजित कर रहा है। आवेदन से सम्बन्धित विस्तृत सूचना अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं उ०प्र० स्टेट मेडिकल फैकल्टी की वेबसाईट क्रमशः **https://abvmuup.edu.in** एवं **https://upsmfac.org** पर उपलब्ध है।

ऑनलाइन आवेदन के प्रारम्भ की तिथि- 02.04.2025

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि- 14.05.2025

सचिव
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी

कुलसचिव
अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय